'आजादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में विशाखापत्तनम में आरटी-डीएएस नियंत्रण प्रणाली का उद्घाटन

29 अक्तूबर 2021

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के भाग के रूप में, विशाखापत्तनम में 'एकीकृत विद्युत विकास योजना' के अंतर्गत चालू किए गए आरटी-डीएएस (रियल टाइम डेटा एक्विजिशन सिस्टम) का उद्घाटन किया गया।

परियोजना का उद्घाटन श्री के संतोष राव, सीएमडी, एपीईपीडीसीएल ने पीएफसी और एपीईपीडीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

विद्युत आपूर्ति की स्वचालित मॉनीटरिंग के लिए जानी जाने वाली आरटी-डीएएस नियंत्रण प्रणाली को 4.80 करोड़ रुपए की लागत पर संस्वीकृत किया गया था। नियंत्रण प्रणाली से आसपास के क्षेत्रों के 36 से अधिक नगरों को लाभ होगा।